प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

27.10.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार''

- प्रधानमंत्री ने डिजिटल अरेस्ट के बारे में जताई चिंता, कहा– धोखाधड़ी को रोकने के लिए सभी जांच एजेंसियां मिलकर कर रही हैं काम।
- मुख्यमंत्री ने शिमला ज़िले के दुर्गम क्षेत्र डोडरा क्वार से किया सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारम्भ।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर फिजूलखर्ची को बढ़ावा देने और प्रदेश पर ऋण का बोझ डालने का लगाया आरोप।
- राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता ऊना में संपन्न– लगभग 8 सौ प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा– सांसद अनुराग ठाकुर ने योग को बताया भारत की देन।

पीएम–मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डिजिटल अरेस्ट के बारे में चिंता व्यक्त की है। प्रधानमंत्री ने आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में कहा कि कानूनन किसी को भी डिजिटली अरेस्ट नहीं किया जा सकता है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता...........

*मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्पष्ट किया कि डिजिटल अरेस्ट के नाम पर की जा रही धोखाधडी को रोकने के लिए सभी जांच एजेंसियां मिलकर काम कर रही हैं। प्रधानमंत्री ने लोगों से फर्जी कॉल आने पर भयभीत न होने और डिजिटल सुरक्षा के लिए 3 उपायों की चर्चा भी की। कल विश्व एनिमेशन दिवस है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत एनिमेशन की दुनिया में नई क्रांति की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे भारत को एनिमेशन की दुनिया की वैश्विक शक्ति बनाने का संकल्प लें। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि भारतीय प्रतिभाएं वैश्विक स्तर पर भी गेमिंग में महत्वपूर्ण योगदान कर रही हैं। नरेन्द्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत अभियान की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह अभियान देश की सामूहिक चेतना का अंग बन गया है। प्रधानमंत्री ने श्रोताओं से नवाचार और आत्मनिर्भर भारत संबंधी उदाहरण सोशल मीडिया पर साझा करने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस वर्ष दो महान नायकों–सरदार पटेल व भगवान बिरसा मुंडा की*

*150वीं जयंती है और सरकार ने इनकी जन्म जयंती को राष्ट्रीय स्तर पर मनाने का निर्णय लिया है। नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में लोगों को धनतेरस, दिवाली, छठ पूजा और गुरूनानक जयंती की शुभकामनाएं भी दीं।*

मुख्यमंत्री–पहल

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कल रात डोडरा क्वार से ''सरकार आपके द्वार'' कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने बीती रात क्वार में सेवानिवृत्त शिक्षक हरदयाल खेपन के घर रात्रि विश्राम किया। सुखविंदर सिंह सुक्खू डोडरा क्वार में रात्रि विश्राम करने वाले प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री बन गए हैं। उन्होंने परिवार के सदस्यों के साथ पारंपरिक भोजन किया और स्थानीय परंपराओं व रीति रिवाज़ों के बारे में बातचीत की। क्षेत्र के लोगों ने मुख्यमंत्री के स्वागत में पारंपरिक गीत गाए। आज सुबह सुखविंदर सिंह सुक्खू ने ढांडरवाड़ी महिला मण्डल की महिलाओं के साथ नाश्ता किया और क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के बारे में जानकारी हासिल की।

सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा है कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा प्रणाली में बदलाव किए जा रहे हैं। उन्होंने आज सोलन ज़िले के धर्मपुर में एक निजी स्कूल के वार्षिक समारोह में शिरकत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने इस वित्त वर्ष के शिक्षा बजट में पिछले वर्ष के मुकाबले 17 फीसदी वृद्धि की है और सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा से ही अंग्रेज़ी माध्यम में शिक्षा आरंभ की गई है। सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने बताया कि ग्राम स्तर पर बच्चों की सुविधा के लिए पुस्तकालय स्थापित किए जा रहे हैं और पहले चरण में लगभग 5 सौ पुस्तकालय स्थापित होंगे।

जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर फिजूलखर्ची को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि अपने लगभग दो वर्ष के कार्यकाल में कांग्रेस सरकार 30 हज़ार करोड़ का ऋण ले चुकी है लेकिन विकास के नाम पर एक भी नया कार्यक्रम शुरू नहीं किया गया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि ये ऋण कहां खर्च किया गया है, मुख्यमंत्री को इसका जवाब देना होगा। विपक्ष के नेता ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार द्वारा शुरू किया गया जनमंच कार्यक्रम भी वर्तमान सरकार ने बंद कर दिया है।

अनुराग ठाकुर

ऊना में आज चार दिवसीय राष्ट्रीय सब जूनियर व जूनियर योग प्रतियोगिता का समापन हो गया। इसमें देशभर से सैंकड़ों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। पूर्व केन्द्रीय मंत्री और सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के प्रयासों से आज सभी लोग योग को अपना रहे हैं और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर योग खेल के रूप में पहचान बना चुका है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर दुनिया भर में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। पत्रकारों से बातचीत में अनुराग ठाकुर ने आरोप लगाया कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने के बाद समस्याओं का अंबार सा लग गया है और राज्य सरकार लोगों की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर पाई है।

आग

कुल्लू ज़िले की लगघाटी के कालंग गांव में आग लगने से लाखों रूपए की संपति जलकर राख हो गई। अग्निशमन कर्मियों ने स्थानीय लोगों के साथ कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन आग में अढ़ाई मंज़िला मकान पूरी तरह राख हो गया। ये मकान काष्ठकुणी शैली में लकड़ी का बना हुआ था। इस अग्निकाण्ड में 3 परिवार बेघर हुए हैं। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार इस आग में लगभग 60 लाख रूपए की संपति का नुकसान बताया जा रहा है। मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर ने घटनास्थल का दौरा कर पीड़ित परिवारों को फौरी राहत प्रदान की और सरकार की ओर से हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

राजेश धर्माणी

राज्य सरकार पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा दे रही है और बिलासपुर ज़िले के औहर में विशाल पर्यटक परिसर का निर्माण किया जा रहा है। तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने आज बिलासपुर में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि मण्डी–भराड़ी पुल के पास जलक्रीड़ाओं के अलावा अन्य साहसिक खेल आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि 29 अक्तूबर को मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू बिलासपुर में पर्यटन से जुड़ी गतिविधियों का शुभारम्भ करेंगे।

गोविंद ठाकुर

प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष और पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने राज्य सरकार द्वारा विभिन्न विभागों में खाली पड़े 65 हज़ार से अधिक पदों को समाप्त करने की अधिसूचना पर आपत्ति जताई है। उन्होंने

सरकार से 65 हज़ार से अधिक पद समाप्त करने के जनविरोधी निर्णय को तुरंत वापस लेने की मांग की है।

<u>मुख्य समाचार एक बार फिर'</u>

- प्रधानमंत्री ने डिजिटल अरेस्ट के बारे में जताई चिंता, कहा– धोखाधड़ी को रोकने के लिए सभी जांच एजेंसियां मिलकर कर रही हैं काम।
- मुख्यमंत्री ने शिमला ज़िले के दुर्गम क्षेत्र डोडरा क्वार से किया सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारम्भ।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर फिजूलखर्ची को बढ़ावा देने और प्रदेश पर ऋण का बोझ डालने का लगाया आरोप।
- राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता ऊना में संपन्न– लगभग 8 सौ प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा– सांसद अनुराग ठाकुर ने योग को बताया भारत की देन।